पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———————

राज्यपाल ने वन निवासियों और अनुसूचित जनजातियों के वनाधिकारों पर कार्य प्रगति की समीक्षा की

———————

अभियान चलाकर परिणामदायी कार्य करें अधिकारी

———————

संबंधित विभाग आपसी तालमेल रखें और समय–सीमा निर्धारित कर कार्य पूरा करें
–श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 19 अप्रैल, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहां राजभवन स्थित प्रज्ञा कक्ष में परम्परागत वन निवासियों और अनुसूचित जनजातियों के हितों के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए लागू वनाधिकारों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कार्य प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिया कि सभी संबंधित विभाग वन निवासियों और अनुसूचित जनजातियों के हित में अभियान चलाकर परिणाम दायी कार्य करें। उन्होंने विभागों को आपसी तालमेल के साथ सामंजस्य बनाकर कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कार्य समय–सीमा निर्धारित करके पूरा किया जाये।

राज्यपाल ने बैठक में वनाधिकार समितियों के पुनर्गठन तथा वनाधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत अस्वीकृत दावों के सापेक्ष रिव्यु दावों के कार्य में शिथिलता पर रोष प्रकट करते हुए अधिकारियों से ग्राम समिति के साथ भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया। जिससे कार्य–प्रगति में तेजी आ सके और गरीब वन निवासी एवं अनुसूचित जनजाति के लाभार्थी समय से अधिकार प्राप्त कर सकें। राज्यपाल जी ने निर्देश दिया की वन भूमि पर कब्जे के दावे का मौके पर ही जाकर सत्यापन किया जाए और सत्यापन के समय राजस्व विभाग, वन विभाग तथा समाज कल्याण विभाग के संबंधित अधिकारी स्वयं उपस्थित रहें, जिससे अपेक्षित कार्यवाही का तत्काल निस्तारण हो।

बैठक में आदिवासियों के हितो के लिए कार्य करने वाली संस्था सेवा समर्पण संस्थान ने वन भूमि पर दावे के सत्यापन में आ रही भौतिक कठिनाइयों से अवगत कराते हुए ग्राम स्तर पर समितियों के साक्ष्य को मान्यता देने पर चर्चा की। समाज कल्याण विभाग की उपनिदेशक ने इस संदर्भ में निर्धारित अधिनियम 2006, नियम 2008 तथा संशोधन नियम 2012 के तहत कार्यवाही से अवगत कराते हुए सत्यापन की अब तक पूर्ण हो चुकी कार्यवाही से राज्यपाल को अवगत कराया।

राज्यपाल जी ने बैठक में सोनभद्र के सर्वाधिक लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सोनभद्र की तहसील दुद्धी के एस.डी.एम. द्वारा प्रस्तुत कार्य योजना का विशेष अवलोकन किया तथा अपने आगामी भौतिक निरीक्षण तक योजनावार कार्यपूर्ति का निर्देश दिया।

बैठक में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री महेश कुमार गुप्ता, समाज कल्याण विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग के समस्त संबंधित अधिकारी सोनभद्र के समाज कल्याण अधिकारी तथा तहसील दुद्धी के उपजिलाधिकारी, सेवा समर्पण संस्थान के पदाधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

डा0 सीमा गुप्ता/राजभवन (188/08)
सम्पर्क सूत्र– 8318116361